सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–3**

**राजभवन देहरादून 07 मार्च, 2025**

राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव–2025 के प्रथम दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने दीप प्रज्वलित कर इस रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम में जौनसारी कलाकारों ने उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध हारूल और तांदी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इन पारंपरिक नृत्यों में उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत चित्रण देखने को मिला। इसके अलावा संस्कार सांस्कृतिक दल द्वारा कुमाऊँनी लोकनृत्य में 'शिव वन्दना', ब्रह्म कमल दल द्वारा गढ़वाली लोकनृत्य में 'नाथ शम्भू भोले नाथ' की प्रस्तुतियां दी गई।

भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा 'शंकर अति प्रचण्ड' प्रस्तुति और हेमा नेगी द्वारा 'शिव जागर' और अन्य लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरी–भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

...........0............